RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 247
हिसार | मंगलवार, 5 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

## जिले में डेंगू के 4 नए मामले आए सामने

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 5 दिसम्बर :** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि जिले में मंगलवार को डेंगू के 4 नए मामले सामने आए हैं। जिले में सक्रिय डेंगू मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 10 हो गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक 6 हजार 847 डेंगू आशंकित लोगों के सैंपल लिए गए हैं,




इनमें से 608 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 598 व्यक्ति डेंगू से रिकवर हो चुके हैं और फिलहाल जिले में 10 डेंगू सक्रिय मरीज हैं।




शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा से की मुलाकात

## पार्किंग की मार्किंग एवं सड़क व्यवस्था व सुरक्षा हेतु दिया सुझाव



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 5 दिसम्बर :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने जिले में साफ सिटी-सेफ सिटी अभियान के तहत पार्किंग की मार्किंग, ट्रैफिक व सड़क व्यवस्था संबंधी कार्यों को लेकर पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा से मुलाकात की। उन्होंने संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए सड़क सुरक्षा हेतु अपना सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि पार्किंग की मार्किंग का कार्य अहम है और इससे जाम की समस्या से निजात मिल रही है। इस दौरान डॉ कमल गुप्ता ने सड़क व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर तैयार की गई प्रेजेंटेशन भी देखी। प्रेजेंटेशन के माध्यम से सड़कों व भिड़बाड़ वाले क्षेत्रों में लगने वाले जाम तथा यातायात व्यवस्था के नियमों व संकेतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि हिसार को साफ शहर व सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था बेहतर हो, इसके लिए सरकारी व निजी कार्यालयों, पार्कों, सामुदायिक केंद्रों तथा बैंकों के बाहर पार्किंग की मार्किंग करवाई जाएगी। शहर की सड़कों पर जाम की स्थिति न हो, इसके लिए सड़क के किनारों पर बने फुटपाथों के नजदीक गाड़ी पार्किंग के लिए भी अलग से मार्किंग की जाए और यदि कोई गाड़ी पार्किंग के बाहर खड़ी मिलती है, तो उसके चालान किए जाए। इसके अतिरिक्त नगर निगम के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों पर लाईटिंग का कार्य व थर्मोप्लास्टिक पेंट की सहायता से सफेद पट्टी तथा बाउंड्री लाईन भी बनाई जाए। शहर के प्रत्येक चौराहों व कनेक्टिंग रोड़ पर बेहतर सफाई व्यवस्था की जानी चाहिए। इन सब प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मामलों के निपटान हेतु न्यायाधीश नियुक्त

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 5 दिसम्बर :** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 दिसंबर को न्यायिक परिसर हिसार एवं हांसी में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंचों की स्थापना करते हुए न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा, अतिरिक्त प्रधान जिला न्यायाधीश (पारिवारिक न्यायालय) मनीष कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिफा, जेएमआईसी सुनील कुमार, सोनिया तथा राकेश कुमार अपनी-अपनी कोर्टों में नागरिकों के लंबित मामलों का निपटान करेंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अपने लंबित मामलों जिसमें दुर्घटना के दावें, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित, सार्वजनिक उपयोगिता की सेवाएं भी शामिल है, का निपटान करवा सकता है।

## तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन के तहत काम करे कार्यकर्ता : मनीष ग्रोवर

जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र ने दिया मिशन के तहत काम करने का आश्वासन



बैठक में उपस्थित जिला प्रभारी मनीष ग्रोवर एवं अन्य पदाधिकारी।

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 5 दिसम्बर :** भाजपा जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता मिशन तीसरी बार मोदी सरकार के तहत काम करें और तक तक चैन से न बैठे, जब तक हमारा मिशन पूरा न हो जाए।

मनीष ग्रोवर भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तीन राज्यों में पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर बधाई दी और कहा कि इस जीत से निश्चय ही पार्टी में नई उर्जा का संचार हुआ है। हमें अपने अंदर ये उर्जा संजोकर रखनी है और इस उर्जा का इस्तेमाल केन्द्र व हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने में करना है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव व घर-घर जाकर केन्द्र सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी दें और बताएं कि किस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार किसानों सहित आम जनता को सीधा फायदा दे रही है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में अनेक योजनाएं चलाई गई है, हमें जरूरत है कि उन योजनाओं व नीतियों को घर-घर व जन-जन तक पहुंचाएं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि जिले का एक-एक कार्यकर्ता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन के तहत काम करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशन में जिले के कार्यकर्ताओं ने हर बार अपना कार्य बखूबी पूरा करके उसमें सफलता पाई है और अब भी हम पीछे नहीं रहेंगे।

पार्टी जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, विधायक विनोद भ्याना, प्रदेश मंत्री सरोज सिहाग, पूर्व विधायक वेद नारंग, रणधीर पनिहार, रवि सैनी, महावीर प्रसाद, आशा खेदड़, सुदेश चौधरी, जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया एवं प्रवीन पोपली सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का जताया आभार : रविन्द्र अत्री

पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 5 दिसम्बर :** ब्राह्मण समाज हरियाणा के सान्निध्य में ब्राह्मण संसद हरियाणा के आयोजनकर्ता रविन्द्र अत्री ढंढेरी ने राज्यसभा सांसद विख्यात उद्योगपति कार्तिकेय शर्मा का सम्मानपूर्वक पगड़ी व अंग वस्त्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। अत्री ने बताया कि धोलीदारों की जमीन का ब्राह्मण समाज को मालिकाना हक दिलवाने के लिए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने लगातार प्रयास किये। सांसद के आह्वान पर पूरे हरियाणा से हजारों की संख्या में करनाल के महाकुम्भ में विप्र समाज के बन्धु पहुंचे। सांसद महोदय ने इस मांग को हरियाणा के मुख्यमन्त्री मनोहर लाल के समक्ष उठाया था। सांसद महोदय



के प्रयास से समाज को उसका पूर्ण रूप से मालिकाना हक मिल गया है। जिससे समाज के लोग उस जमीन को खरीद एवं बेच सकते है। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है जो समाज हित कार्यो की आवाज को उठाने का जो अवसर उन्हें प्राप्त हुआ है वे अपनी पूरी निष्ठा, लगन एवं मेहनत से समाज की सभी मुख्य मांगों को पूरा करवाने का प्रयास करते रहेंगे। अन्य सामाजिक विषयों पर सांसद महोदय ने मुख्यमन्त्री हरियाणा से हुई वार्तालाप के बारे में बताया कि अन्य सभी लम्बित मांगो को भी जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा। इस दौरान बैंक मैनेजर रविकांत शर्मा, उद्योगपति राजेश खन्ना बिठमड़ा, मनीष वत्स सिसाय, रविकुश सिसर आदि मौजूद रहे।

## द ई 5 महिला महाविद्यालय में ट्विनिंग ऑफ स्कूल प्रोग्राम का आयोजन

पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 5 दिसम्बर :** ट्विनिंग ऑफ स्कूल प्रोग्राम के तहत बांस गांव के राजकीय आरोही मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल कीलगभग 40 छात्राओं ने द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी का भ्रमण किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम प्रताप व स्टाफ सदस्य ने स्कूल की छात्राओं तथा अध्यापकों का अभिनंदन किया। इस दौरान छात्राओं को कॉलेज अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ.चंद्रेश, मिस किरण ने कॉलेज का भ्रमण करवाया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, स्पोर्ट्स ग्राउंड को देखा और उनके बारे में जानकारी ली। कॉलेज अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ.चंद्रेश ने छात्रों को इंटरएक्टिव पैनल द्वारा दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक से विद्यार्थियों के दैनिक विकास में मदद मिलती है। कॉलेज अस्सिटेंट प्रोफेसर मिस प्रीति, द्वारा मंच का संचालन किया गया। जिसमें उन्होंने कॉलेज मे




उपलब्ध सुविधाओं व कॉलेज द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति से भी अवगत करवाया और भविष्य में उससे लाभ उठाने को कहा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राम प्रताप ने सरकार के इस ट्विनिग कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम से विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों का दूसरे संस्था के विद्यार्थियों से मिलने से जहां उनकी पहचान बनती व बढ़ती है, वहीं उनको अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का भी अच्छा अवसर मिलता है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राम प्रताप जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से 12वीं के बाद छात्र अपने रुझान के अनुरूप भविष्य तय कर पाएंगे। छात्र अलग-अलग संस्थानों में भ्रमण करके वहां तकनीक को जानेंगे व छात्राओ को भविष्य मे करियर की राह चुनने में भी आसानी होगी। अंत में कॉलेज प्राचार्य तथा कालेज स्टाफ सदस्य ने अतिथि अध्यापको को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया। कॉलेज में भ्रमण करने आई छात्रों का उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली। इस कार्यक्रम के तहत भ्रमण करने आई छात्राओं को कॉलेज की सभी सुविधाएं जैसे कि भवन, क्लास रूम, प्रयोगशालाएं हॉस्टल सुविधा, बस सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था बहुत ही पसंद आई।








## हरियाणा में तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनेगी : कुलदीप बिश्नोई



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 5 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि 2024 में हरियाणा में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत होगी। राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना तय है, क्योंकि विकास पुरूष मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने पिछले 9 वर्षों से राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि आगामी 26 दिसंबर को आदमपुर में भव्य एवं चैतन्य की शादी समारोह के लिए वे अपने पारिवारिक लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। वे आज नलवा हलके के लुदास, शाहपुर, किरतान, नथवाना, हिंदवान, रावलवास खुर्द, सीसवाला, भिवानी रोहिल्ला, सरसाना, बासडा, गावड, चौधरीवास, गोरछी, रावलवास कलां, पनिहार चक, भेरियां, धीरणवास, टोकस, पातन, आर्य नगर तथा आदमपुर के चंदन नगर एवं घोडाफार्म में लोगों को शादी का निमंत्रण दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर तरक्की कर रहा है।



## सम्पादकीय..........

### महंगा होता इलाज, सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने के करने होंगे प्रयास

पहले से ही महंगे इलाज की समस्या से जूझ रहे देश के लिए दुनिया की प्रतिष्ठित व विश्वसनीय संस्था विलिस टॉवर्स वॉटसन (डब्ल्यूटीडब्ल्यू) के ग्लोबल मेडिकल ट्रेंड सर्वे की ताजा रिपोर्ट उत्साहजनक नहीं है। रिपोर्ट इस दृष्टि से चिंताएं और आशंका बढ़ाने वाली है कि आम व्यक्ति के इलाज का खर्च अगले साल दस प्रतिशत से ज्यादा महंगा होने वाला है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों में इसका असर होने वाला है। भारत के लिए यह ज्यादा बड़ी चुनौती इसलिए है क्योंकि तमाम पहलुओं में हम उनसे बहुत अलग हैं। चिंता को इस दृष्टिकोण से समझा जा सकता है कि देश का आम आदमी इलाज के खर्च का मौजूदा स्तर ही वहन करने की स्थिति में नहीं है। इलाज के खर्च के अभाव में दम तोडने या तकलीफ सहते रहने को विवश मरीजों की संख्या का कोई हिसाब नहीं है। देश की एक बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे है।। देश में अस्सी करोड़ लोग सरकार की मुफ्त अनाज की योजना पर निर्भर हैं। जिन लोगों के पास अपने दम पर पेट भरने लायक सामर्थ्य तक नहीं हो, वे इलाज की भारी-भरकम रकम वहन कैसे कर सकते हैं। इस वर्ग के लिए दस प्रतिशत ज्यादा खर्च का मतलब है इलाज प्राप्त करने की रही-सही आस पर भी पानी फिरना। महंगे इलाज से सिर्फ यही वर्ग प्रभावित नहीं होगा। सब पर इसका असर आने वाला है। उन पर भी जिनका स्वास्थ्य बीमा है, क्योंकि इलाज का खर्च और स्वास्थ्य बीमा की दर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसी सर्वे का निष्कर्ष है कि इलाज महंगा होने के साथ ही अगले साल स्वास्थ्य बीमा भी 12 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हो जाएगा। इसका अर्थ है कि स्वास्थ्य बीमा वालों को भी 12 फीसदी प्रीमियम ज्यादा देना पड़ेगा। यह सरकार और बीमा नियामक के लिए एक और बड़ी चुनौती है। देश की लगभग दो तिहाई आबादी स्वास्थ्य बीमा से कवर नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं तक अल्प पहुंच, शिक्षा और जागरूकता का अभाव तो इसकी वजह है ही, इसका एक बड़ा कारण कमजोर आर्थिक स्थिति भी है। ऐसे में आम आदमी की तकलीफ कम करने और उसे राहत पहुंचाने के लिए सरकार को अपने प्रयास बढ़ाने होंगे। वर्तमान में सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वंचित वर्ग की उपचार तक पहुंच कितनी मुश्किल है। सरकारी अस्पतालों के हालात सुधारे बिना हर वर्ग तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। इसलिए सरकार को इस दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे। सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ानी होंगी। अस्पतालों में चिकित्सकों और अन्य चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ दवाओं की आपूर्ति का भी ध्यान रखना होगा।

# खुद से प्रेम नहीं हुआ तो दूसरों से कैसे होगा

**अध्यात्म**

प्यार में गिरने या प्रेम में पड़ने को अंग्रेजी में कहते हैं- फॉल इन लव। वास्तव में सच्चा प्रेम हमें गिराता नहीं, वह तो हमारे जीवन को ऊंचा उठाता है। जीवन प्रेम को जीने और प्रेम से जीने के लिए है। हमारे अनुभवों को सुखद और बेहतरीन बनाने के लिए है। देखा जाए तो दैहिक प्रेम स्वार्थी, सीमित और अल्पकालीन होते हैं। जबकि आत्मिक स्नेह निःस्वार्थ और दीर्घकालीन होते हैं। शारीरिक स्नेह या दैहिक संबंध हमें बंधन में डालता है। जबकि रूहानी स्नेह या संबंध हमें सारे सांसारिक कर्म बंधनों से मुक्त कर देता है। रूहानी स्मृति, दृष्टि और वृत्ति हमारे संबंधों को मधुर, सहनशील तथा संपूर्ण बनाती है।

असल में हम कोई भी संबंध प्रेम देने और पाने के लिए बनाते हैं। प्रेम भावनात्मक पूर्णता का स्रोत है। सच्चा प्रेम हमारे जीवन में प्रगति का मार्गदर्शक बन जाता है। कई बार कोशिश के बावजूद हम प्रेम से वंचित रह जाते हैं। पर जब हम निर्मल प्रेम के चिरंतन स्रोत परमात्मा से अपनी अंतरात्मा जोड़ लेते हैं, तब हमारे जीवन में प्रेम की कोई कमी नहीं रहती। सबसे श्रेष्ठ आत्मिक और परमात्म प्रेम है। इससे प्रेम के मार्ग में आने वाली बाधाएं हट जाती हैं। संकीर्ण विश्वासों से ऊपर उठ कर हम सच्चे प्रेम के वाहक बन जाते हैं। साथ ही, इस प्रेम को महसूस करना और कराना हमारे लिए सहज और स्वाभाविक हो जाता है।

हम अपने संबंधों के दायरे में निस्संदेह सभी से प्रेम करते हैं। सवाल है कि क्या हम उन्हें बिना शर्त प्रेम करते हैं? शायद नहीं। क्योंकि हम अपनी अंतरात्मा के मूल गुण शांति, प्रेम और प्रसन्नता को अनुभव या व्यवहार में नहीं ला पाते हैं। फलस्वरूप जब हमारा मन व्याकुल होता है, तब हम स्थिर मन से उत्तर भी नहीं दे पाते हैं- प्यार के बारे में सोचना तो दूर की बात रही। अक्सर हम अपनी दुर्दशा के लिए दूसरों या हालात को दोषी ठहराते हैं। कभी हम दूसरों के लिए जजमेंटल होते हैं। कभी हम किसी को अपनी तरह काम न करते देख नाराज होते हैं। कभी दूसरे हमें स्वीकार नहीं करते। ये सब बातें हमारे प्रेम के प्रवाह में बाधा पैदा करती हैं। तब हम अंतरात्मा के मूल गुण प्रेम का अनुभव करना बंद कर देते हैं, और सामने वाले से उस प्यार को पाने की अपेक्षा करते हैं। हम भूल जाते हैं कि हम अपनी अंतरात्मा से जुड़ कर ही प्रेम के अनंत स्रोत परमात्मा तक पहुंच सकते हैं।

दूसरी बात, बहुत से लोग केवल अपनी शर्तों पर ही प्रेम करते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि वे इसे बाहर खोजते हैं। असल में प्रेम का अनुभव आपसे ही आरंभ होता है। अगर आप खुद से प्रेम नहीं करते हैं, तो आप के लिए दूसरों से प्यार करना संभव ही नहीं है। जब आप खुद को प्रेम करने लगते हैं, तो उसे दूसरों को देना सहज हो जाता है। तब आप आसानी से मोह, अपेक्षा, स्वामित्व भाव या दूसरों को नियंत्रित करने जैसी प्रेम विरोधी भावनाओं का परित्याग कर पाते हैं। जब मन में अपने और दूसरों के प्रति स्नेह का भाव साफ हो, तो संबंधों में पैदा होने वाली ऊर्जा शुद्ध होती है। तब दया, करुणा और सहयोग जैसी श्रेष्ठ भावनाएं प्रेम का प्रवेश द्वार बन जाती हैं। हम दूसरों के प्रेम को पाने की अपेक्षा से हट कर जीवन को बदलने वाली परमात्म प्राप्ति की ओर बढ़ पाते हैं।

## सुण मौल्लड़ की



मणिपुर में हिंसा जारी।

ओड़ै विदेशी हाथ बी काम करण लाग रे सैं।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** अत्याधिक खाने से बचें, पेट संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी। ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृषभ :** वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं हो सके तो यात्रा को टाल दें। मन में अंजाना भय बना रहेगा। गाय माता की सेवा करें।

**मिथुन :** प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कर्क :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह :** मन संतुष्ट रहेगा। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या :** लोगों के अपने विरूद्ध खड़ा पाएंगे। आलोचना होने की संभावना। कोई नया कार्य आरंभ न करें। लक्ष्मी माता की पूजा करें।

**तुला :** लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा से लाभ होगा।

**वृश्चिक :** राजकीय मामलों में सफलता प्राप्त होगी। कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। नौकरीपेशा लोगों की प्रमोशन होने की संभावना।

**धनु :** सामाजिक कार्यों में शामिल होने की संभावना। मनचाही सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे।

**मकर :** विवाद होने की संभावना। मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। कार्यों को लेकर कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**कुंभ :** भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। सांझेदारी के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवार के साथ खुशी भरे लम्हे व्यतीत करेंगे।

**मीन :** सावधानीपूर्वक कार्य करें, चोट लगने की संभावना। उधार के लेन-देन से बचें। षडयंत्र का शिकार हो सकते हैं। भगवान शिव जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## सतगुरु दयासागर प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय 29वां अखण्ड पाठ की पूर्णाहुति हुई

**मानव के जीवन का मूल उद्देश्य संसार बंधन से मुक्ति पाना : महत दयासागर**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** स्थानीय महावीर कालोनी स्थित कबीर सत्संग भवन में सतगुरु दयासागर प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में जगतगुरु आचार्य श्री गरीबदास महाराज की वाणी का 29वां अखंठ पाठ 2 से 4 दिसंबर तक आयोजित किया गया जिसका आयोजन सत्संग भवन के संस्थापक एवं संचालक संत शिव दास की देखरेख में हुआ। श्री गरीब दास सर्वोच्च पीठाधीश महंत श्री दयासागर छुडाणी धाम द्वारा तीन दिवसीय अखंड पाठ किया गया तथा उन्होंने संगतों के बीच प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि मानव मात्र के जीवन का मूल उद्देश्य संसार बंधन से मुक्ति पाना है। इसके लिए जो भी कर्म जरूरी हों वे करने चाहिएं। धर्म अनुसार जीवन जीकर खुद को और सभी जीवों को परमात्म स्वरूप में देखना चाहिए क्योंकि सभी के घट में परमात्मा ही विराजता है। संत शिवदास ने बताया कि 2 दिसंबर को सुबह 10:15 बजे पाठ प्रकाश हुआ। 3 दिसंबर को सुबह 10:15 बजे मध्य का भोग, संध्या आरती व रात्रि का सत्संग आयोजित किया गया। 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे अखंड पाठ की पूर्ण आहुति श्री गरीब दास सर्वोच्च पीठाधीश महंत श्री दयासागर द्वारा की गई। इस अवसर पर संत शिवदास ने कहा कि हमें अपने मानुष जनम को सफल बनाना चाहिए। यूं ही आए और यूं ही चले गए ये कोई जीवन नहीं है। इस जीवन का मोल हमें जरूर चुकाना चाहिए वह हम सद्कर्म करके सद्मार्ग पर चलकर मानवता की भलाई के काम करके कर सकते हैं। इसके साथ ही हमें अपने आध्यात्म पथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिए ताकि सांसारिक और आध्यात्मिक दोनों मार्ग पर चलकर अपनी मुक्ति को पा सकें। पूर्ण आहुति के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि सैनी, जगदीशवरानंद शनि मंदिर सीसवाल, संत तुलसीदास कबीर पंथी, संत हरि रामानंद सहित अनेक संत महात्मा एवं काफी संख्या में संगत पहुंची।



## कर्म का मर्म

### शांतिसागर का महान तप

दक्षिण भारत के कर्नाटक में एक बड़े तपस्वी संत हुए शांतिसागर। वह तप साधना में लीन रहते थे। उन्होंने घी-तेल, नमक, शक्कर, छाछ का भी त्याग कर दिया था। अपने 35 वर्ष के मुनि जीवन में उन्होंने 27 वर्ष से भी अधिक दिनों का उपवास किया। उनका जन्म बेलगांव जिले के भोजग्राम में एक साधारण किसान भीमगौड़ा और उनकी पत्नी सत्यवती के परिवार में सन 1862 में हुआ था। गौड़ा शब्द भूमिपति पाटिल के लिए इस्तेमाल होता था। बालक का नाम रखा गया सातगौड़ा।



बालक पर माता-पिता की ईमानदारी और सादगी का गहरा असर पड़ा। सात-आठ वर्ष की उम्र में वह खेत की रखवाली करने जाता। उसके खेत में अनेक पक्षी दाना चुगने आते तो वह उन्हें कभी उड़ाता नहीं था, बल्कि प्यार से बुलाता और बतियाता जैसे वे उसकी बातें समझते हों। वह उनके लिए बर्तन में पीने का पानी रखता और उनकी तरफ पीठ करके बैठ जाता ताकि पक्षी निडर होकर पानी पी सकें। एक बार पड़ोसी ने सातगौड़ा से कहा- तुम अपने खेत से पक्षी नहीं उड़ाते, ये तुम्हारी सारी फसल खा जाएंगे। वह कहता- दादा, आप अपने खेत के सारे पक्षियों को भी मेरे खेत में भेज दो, हमारे यहां अनाज कम नहीं होगा। जब खेतों से अनाज निकाला जाता तो पूरे गांव की अपेक्षा सातगौड़ा के यहां सबसे ज्यादा अनाज होता।

आगे चलकर इसी बालक सातगौड़ा ने दिगंबर मुनि की दीक्षा लेकर पूरे भारत की नंगे पैर पदयात्रा कर लाखों लोगों को सत्य, अहिंसा और त्याग तपस्या का उपदेश देकर सन्मार्ग पर चलाया। दक्षिण भारत से उत्तर भारत में भ्रमण करते हुए वह 1931 में 7 मुनियों व 3 क्षुल्लकों के साथ दिल्ली आए। सिद्धक्षेत्र कुंथलगिरि में 18 सितंबर 1955 को उनका समाधिमरण हुआ। दिल्ली में लालकिला के सामने प्राचीन दिगंबर जैन लालमंदिर के प्रांगण में बना उनका स्मारक आज भी लोगों को प्रेरणा देता है।

# हरियाणा के डॉ. सत्यवान सौरभ को लखनऊ में 'पं. प्रताप नारायण मिश्र राष्ट्रीय युवा साहित्यकार सम्मान'

*भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा देशभर से चयनित छह साहित्यकारों में से एक विभूषित साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को पच्चीस हजार पुरस्कार राशि, अंग वस्त्र, सरस्वती प्रतिमा व पंडित प्रताप नारायण मिश्र रचित साहित्य उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह और संयोजक प्रो. विजय कर्ण द्वारा लखनऊ के माधव सभागार में प्रदान किया गया। विभिन्न विषयों के साथ-साथ खास तौर पर सम्पादकीय और दोहे लिखने की महारत के फलस्वरूप इन्हें विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान से सम्मानित किया गया है। तितली है खामोश (दोहा संग्रह), कुदरत की पीर (निबंध संग्रह), यादें (ग़ज़ल संग्रह), परियों से संवाद (बाल काव्य संग्रह) और इश्यूज एंड पैन्स (अंग्रेजी निबंध संग्रह) डॉ. सौरभ की प्रमुख पुस्तकें हैं।*




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** हरियाणा के भिवानी जिले के बड़वा गाँव निवासी साहित्यकार, पत्रकार-लेखक डॉ सत्यवान सौरभ को भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा काव्य विधा में 'पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान-2023' से नवाजा गया है। डॉ. सौरभ देशभर के समाचारपत्र-पत्रिकाओं एवं वेबसाइट्स के लिए विभिन्न मुद्दों पर निरंतर लेखन कर रहे हैं। उन्हें यह सम्मान उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह, न्यास के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश गोयल, सचिव राहुल सिंह और संयोजक प्रो. विजय कर्ण द्वारा लखनऊ के माधव सभागार में प्रदान किया गया। स्वास्थ्य कारणों के चलते उनके प्रतिनिधि साहित्यकार दीनदयाल शर्मा ने पुरस्कार ग्रहण किया। विगत 28 वर्षों से अवध प्रांत के जीवनदानी कार्यकर्ता स्व. प्रताप नारायण मिश्र की स्मृति में देश के युवा साहित्यकारों को सम्मानित करता आ रहा है। यह सम्मान प्रेरणास्पद साहित्य-सृजन के लिए दिया जाता है। विभूषित साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को पच्चीस हजार पुरस्कार राशि, अंग वस्त्र, सरस्वती प्रतिमा व पंडित प्रताप नारायण मिश्र रचित साहित्य भेंट किया गया। समभावी और विचारशील लेखक डॉ. सत्यवान सौरभ का जन्म हरियाणा के भिवानी के गाँव बड़वा में 03 मार्च 1989 को पिता श्री रामकुमार रिछपाल गैदर माता कौशल्या देवी के परिवार में सबसे बड़े पुत्र के रूप में हुआ। आपके प्रारंभिक जीवन का परिवेश कभी भी उत्साहवर्धक नहीं रहा, परिस्थितियां हमेशा विषम बनी रही। जीवन में उत्साह के परिवेश का उजास आपको जन्म के 22 साल बाद प्राप्त होना आरम्भ हुआ जब आपने सरकारी सेवा में प्रवेश किया और विभागीय कार्य करते हुए 2019 में राजनीति विज्ञान विषय से स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की तथा साथ ही पीएच. डी. के लिए पंजीकरण करवाया। आपका लेखन और जीवन लोगों को प्रेरित करते हैं कि हर कोई ये सोचने पर मजबूर हो जाता है कि विपरीत परिस्थितियों पर धैर्य से जीत हासिल की जा सकती है।

तूफानों से मत डरो, कर लो पैनी धार।
नाविक बैठे घाट पर, कब उतरें हैं पार।।
सुख-दुःख जीवन की रही, बहुत पुरानी रीत।
जी लें, जी भर जिंदगी, हार मिले या जीत।।

सौरभ की उपलब्धियों पर उन्हें सैंकड़ों राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। संपादकीय लेखक के रूप में आपका लेखन हरियाणा तक ही सीमित नहीं रह कर देश के संदर्भ में भी व्यापक स्वरूप लिए हैं। इनकी रचनाएं बड़ी संख्या में हज़ारों सरकारी एवं गैर सरकारी पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित हो रही हैं। वर्तमान के समाचार पत्रों में ने निरंतर आपकी रचनाओं को प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया है। विभिन्न विषयों के साथ-साथ खास तौर पर सम्पादकीय और दोहे लिखने की महारत के फलस्वरूप इन्हें विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान से सम्मानित किया गया है। तितली है खामोश (दोहा संग्रह), कुदरत की पीर (निबंध संग्रह), यादें (ग़ज़ल संग्रह), परियों से संवाद (बाल काव्य संग्रह) और इश्यूज एंड पैन्स (अंग्रेजी निबंध संग्रह) डॉ. सौरभ की प्रमुख पुस्तकें हैं। अपने जीवन में कर्म की प्रधानता को प्रमुख मानते हुए हमेशा कर्म को ही सच्ची पूजा माना। अपने आप को सृजनात्मकता में लीन करने वाले डॉ. सत्यवान सौरभ ऐसे विचारशील लेखक हैं जो सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों को सतत रूप से संस्कारित, पल्लवित और संरक्षित रखने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं।

DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहमास्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के पांचवे दिन गांव ठसका, ढाणी राजू, शाहपुर, बालसमंद तथा नंगथला में पहुंची यात्रा

## प्रदर्शनी स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों को मौके पर प्रदान किया गया योजनाओं व सेवाओं का लाभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव ठसका, ढाणी राजू, शाहपुर, बालसमंद तथा नंगथला में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रा के पांचवे दिन गांव पुट्ठी मंगल खां तथा ढाणी राजू में हांसी के विधायक विनोद भयाना, गांव नंगथला में भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री आशा खेदड़ व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा, शाहपुर में संजीव गंगवा ने यात्रा के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टालें लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही योजनाओं व सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। विधायक विनोद भयाना ने अपने संबोधन में कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में वर्तमान सरकार अपना दायित्व बखूबी निभा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से सरकार आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को योजनाओं एवं नीतियों से और अधिक लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार द्वारा निरंतर जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही है, ताकि पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जा सके।

भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री आशा खेदड ने गांव नंगथला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद अभियान के माध्यम से प्रत्येक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक कर सरकारी योजनाओं व सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

संजीव गंगवा ने गांव शाहपुर में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करने उपांत विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाकर उन्हें लाभांवित करना ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रमों में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के लोक कलाकारों द्वारा गीतों के माध्यम से योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी से ग्रामीणों को परिचित करवाया। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रमों में क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों, प्रतिभावान खिलाड़ियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत करवाई गई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रणधीर पनिहार, जिला संयोजक मुनीश अहलावादी, सह संयोजक सीमा गोदारा, सरपंच अजमेर सिंह, पूर्व सरपंच रामपाल, एसईपीओ कुलबीर नैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हकृवि में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

## जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से निपटने के लिए भूमि उपयोग की दक्षता बढ़ाने व कृषि संसाधनों का उचित उपयोग जरूरी : प्रो. आर्थर सी. रिडेकर




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में 'वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा, स्थिरता और स्वास्थ्य के लिए रणनीति' विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में फ्रांस के आईपीसीसी नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता प्रोफेसर आर्थर सी. रिडेकर रहें, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अमेरिका की टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय के संकाय फेलो प्रोफेसर सर्जिओ सी. कापारेडा मौजूद रहें। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं इस सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो. बी.आर. काम्बोज ने समारोह की अध्यक्षता की।

**जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से निपटने के लिए भूमि उपयोग की दक्षता बढ़ाने व कृषि संसाधनों का उचित उपयोग जरूरी :**

प्रोफेसर आर्थर सी. रिडेकर फ्रांस के आईपीसीसी नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता प्रोफेसर आर्थर सी. रिडेकर ने जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से निपटने के लिए भूमि उपयोग की दक्षता बढ़ाने व कृषि संसाधनों का उचित उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए भूमि, जल, ऊर्जा व श्रम जैसे संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भूमि उपयोग दक्षता के लिए उपयुक्त फसल चक्र का चुनाव, जल उपयोग दक्षता के लिए टपका सिंचाई, फव्वारा सिंचाई तथा ऊर्जा उपयोग दक्षता के लिए ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन का कम करना व श्रम उपयोग दक्षता के लिए उपयुक्त मशीनीकरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति एवं इस सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में बढ़ती आबादी की भलाई के लिए वैश्विक खाद्य और पोषण सुरक्षा पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना है, जिसमें विद्यार्थी, शोधकर्ता व विदेशों से आए कृषि विशेषज्ञ मिलकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। खाद्य स्थिरता और स्वास्थ्य आपस में जुड़ी हुई अवधारणाएं हैं जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों पर भोजन के उत्पादन, उपभोग और प्रभाव से संबंधित हैं। इन दोनों पहलुओं को संतुलित करना, मुनष्य और पृथ्वी की भलाई के लिए आवश्यक है। स्थायी खाद्य प्रणालियां अक्सर पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों के उत्पादन को बढ़ावा देती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। स्वास्थ्य का हमारे द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से गहरा संबंध है। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे फल, सब्जियां, संपूर्ण अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने मदद करते हैं। न्यूटी-2023 सम्मेलन में वैश्विक पोषण सुरक्षा और कल्याण के लिए बाजरा, कृषि-व्यवसाय के लिए कृषि-उद्यमिता और उद्योग संबंध, जलवायु परिवर्तन, संरक्षण कृषि, टिकाऊ कृषि के लिए संसाधन प्रबंधन और एकीकृत खेती, फसल उत्पादन में जैविक और अजैविक तनाव प्रबंधन के तरीकें, प्राकृतिक व जैविक खेती, कृषि उत्पादन बढ़ाने में सूक्ष्म जीवों का योगदान मुख्य विषय रहेंगे। अमेरिका की टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय के संकाय फेलो प्रोफेसर सर्जिओ सी. कापारेडा ने अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन के बारे में बताया कि अभियांत्रिकी आधारित व वैज्ञानिक तकनीक की मदद से कृषि क्षेत्र में उन्नति व कृषकों को सपंन्नता संभव है। उन्होंने कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए श्रीअन्न फसलों को छोटे जोत व कम भूमि वाले किसानों को भी फसल चक्र में शामिल करने व उपयोग करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान क्षेत्र में तकनीकी सहयोग से टिकाऊ खेती की स्थिरता को बनाने के लिए कार्बन कैप्चर, कार्बन क्रेडिट, कार्बन सिक्कसट्रेशन के साथ ही कृषि बाई-प्रोडेक्ट को कार्बन में परिवर्तित कर ऊर्जा पैदा करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि फसल उत्पादन के साथ ही बाई-प्रोडेक्ट जैसे की धान की पराली व अन्य फसलों के अवशेष को भी योजनाबद्ध तरीके से पशुपालन में उपयोग कर खेत में ही समायोजित करना साथ ही इसे कार्बन में परिवर्तित करना व जैव ईंधन के रूप में प्रयोग करना इत्यादि विषय में किसानों को प्रशिक्षित कर टिकाऊ खेती को बचाना समय की मांग है।



# बीजेपी की तीन राज्यों में जीत पर बीजेपी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने बांटे लड्डू



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा पुरानी सब्जी मंडी चौक हिसार मे लड्डू बांटकर व ढोल बजाकर जीत की खुशी मनाई गई। मनोज कुमार ने कहा कि राजस्थान मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल राष्ट्रीय नीतियों पर मोहर लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया है। इस मौके पर भाजपा के जिला सचिव संजय सूरा, पूर्व डिप्टी मेयर भीम महाजन, पूर्व पार्षद प्रत्याशी ईश्वर सिंह सैनी नाटा, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पियूष पाहवा, युवा मोर्चा मीडिया प्रमुख नितिन आजाद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सोनी, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री आशु धाबी, सुरेश गोयल, जयप्रकाश और आनंद सैनी आदि मौजूद रहे।

# शहीदों की बदौलत खुली हवा में ले रहे है सांस : डिप्टी सीएम

## गांव के स्कूल व शहीदी पार्क का नाम शहीद रायसिंह सिवाच के नाम पर करने की भी की घोषणा





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। देश को शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों पर गर्व है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। वे सोमवार को गांव कालीरावण स्थित शहीदी पार्क में अमर शहीद रायसिंह सिवाच की प्रतिमा के अनावरण उपरांत उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने शहीद रायसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में तैनात अमर शहीद रायसिंह सिवाच ने 4 दिसंबर 1971 को देश की रक्षा करते हुए इंडो-पाक वार में शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी देश की आन बान और शान पर खतरा आया है तो भारत माता के लिए कुर्बानी देने वालों में हरियाणा कभी भी पीछे नहीं रहा है। यहां के वीर जवानों का हमेशा अग्रणी योगदान रहा है। शहीदों के परिवार के लिए जितना योगदान दिया जाए उतना ही कम है। उन्होंने कहा कि हम शहीदों के बलिदान का कर्ज तो नहीं चुका सकते लेकिन उनके परिजनों की सेवा कर उनके प्रति कृतज्ञता अवश्य जता सकते हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने गांव के स्कूल व शहीदी पार्क का नाम शहीद रायसिंह सिवाच के नाम पर करने तथा गांव के साथ लगती ढाणियों के रास्ते को पक्के करवाने की घोषणा भी की। इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग के दृष्टिगत गांव में पानी की पाइप लाइन बदलने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रवि सिवाच सहित गांव कालीरावण व आस-पास क्षेत्र के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लोगों ने फिर लगाई मोदी की नीतियों पर मुहर : कुलदीप बिश्नोई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 5 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणामों से एक बार फिर से यह साफ हो गया है कि जनता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी नीतियों से खुश है तथा लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों में ऐतिहासिक जीत के लिए पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता और प्रत्याशी बधाई के पात्र हैं। राजस्थान में मेरे अनुरोध पर ज्यादातर सीटों पर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए मैं बिश्नोई समाज का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता है। जिस प्रकार से भाजपा के पक्ष में लोगों के मतदान किया है उससे साफ है कि देश में एक ही गारंटी चलती है और वो है मोदी जी की गारंटी। वे आज आदमपुर एवं नलवा हलके के 22 गांवों में गांवों की चौपालों पर भव्य एवं चैतन्य की शादी समारोह का निमंत्रण देने के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से उनकी शादी में स्व. चौ. भजनलाल जी अपने पारिवारिक लोगों को निमंत्रण देने के लिए पहुंचे थे, उसी प्रकार से वे अपने बच्चों की शादी का न्यौता देने आए हैं। इस दौरान उन्होंने गांवों में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में आदमपुर में 500 करोड़ रुपए के विकास कार्य हुए हैं और विकास में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान रणधीर पनिहार, जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, राजाराम खिचड़, मानसिंह ऐलावादी, ठाकरदत सरपंच, हंसराज जावला व सुक्रम तेलनवाली आदि उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मुक्ति देने वाला है : संत गोपीराम

## श्री श्याम गौशाला मिंगनीखेड़ा श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** श्री श्याम गौशाला मिंगनी खेडा में श्री मद्भावगत कथा के आज द्वितीय दिन संत श्री गोपी राम ने कथा व्यास से उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा क रसपान कराते हुए कहा कि भागवत में साक्षात भगवान विराजमान रहते हैं। इस काल में भागवत का प्रत्यक्ष दर्शन भगवान का ही दर्शन है। वही लाभ श्रीमद् भागवत के दर्शन से प्राप्त होता है। भागवत कथा को सुनना, पढ़ना, दर्शन करना यह सब मुक्ति देने वाला है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम मिंगनी खेड़ा और आसपास के गांवों से काफी संख्या में पहुंचे पुरुष महिलाओं ने भागवत कथा का आनंद उठाया। भागवत कथा में मुख्य रूप से सुभाष पोपली व उनका परिवार डॉ. ललिता राजवंशी, प्रधान सज्जन गर्ग, वलेरिया सेठी, कुनाल सेठी, कुलदीप ग्रोवर, कैलाश चौधरी प्रधान सनातन धर्म मंदिर, पतराम गुप्ता, ओम प्रकाश मिचू, अशोक अग्रवाल, जस्सा किरतान, गुगन किरतान जयपाल किरतान, दलबीर, बिल्लू, सतनारायाण, दर्शना, मीना अग्रवाल, बिमला चौधरी, पूनम सिंगला, ऋतु गुप्ता, शोभा जिंदल, डॉ. पराशर व भूषण कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुराना हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-4 वासी नारकीय जीवन जीने को विवश समस्याओं की हो रही लगातार अनदेखी

## एक सप्ताह में सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी तो ट्रालियों में भरकर एचएसवीपी कार्यालय के सामने डालेंगे कूड़ा : राजकुमार गौड़



सैक्टर-4 ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी की खस्ताहाल सड़कों की हालत दिखाते प्रधान राजकुमार गौड़ व अन्य।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनीवासी बहुत ही बदतर हालातों में जीने को मजबूर हैं। आरडब्ल्यूए पुराना हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 4 के अध्यक्ष राजकुमार गौड़ ने बताया पिछले 10 महीनों से कॉलोनी मे कोई सफाई कर्मचारी नहीं आया और ना ही कोई कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। सड़कों की हालत इतनी खराब है जिस पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। पार्कों की हालत इतनी खराब है जिसकी रेलिंग से लेकर दीवार तक टूटी हुई हैं। बुजुर्गों के लिए बैठने की कुर्सियां नहीं हैं। बच्चों के लिए झूले तक नहीं हैं। सीवर जाम रहते हैं। बरसात होते ही सीवर का पानी घरों में घुस जाता है। स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हैं। रात में अंधेरा बना रहता है जिससे कॉलोनी में आये दिन चोरियां होती रहती हैं। जिसके लिए आरडब्ल्यूए की टीम एचएसवीपी स्टेट ऑफिसर राजेश खोथ को लिखित में शिकायत कर चुके हैं जिसका आज तक कोई समाधान नहीं हुआ और ना ही जेई व एसडीओ फोन उठाते हैं। लिखित में शिकायत माननीय मुख्यमंत्री से लेकर महापौर गौतम सरदाना, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, वार्ड के पार्षद जय प्रकाश को भी कई बार दे चुके हैं लेकिन किसी ने कोई संज्ञान नहीं लिया। प्रधान राजकुमार गौड़ ने कहा कि अगर एक सप्ताह में यहां की कोई सुध नहीं ली गई तो कॉलोनी वासी सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन को मजबूर होंगे और सारा कूड़ा ट्रेक्टर ट्राली में भरकर एचएसवीपी कार्यालय में डालने का काम किया जायेगा।

# माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल ने संत शिरोमणि श्री सैन जी महाराज की जयंती समारोह में जाने वाली बस को झंडी दिखाकर किया रवाना



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल ने राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने संत शिरोमणि श्री सैन जी महाराज की जयंती समारोह में जाने वाली बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर चेयरमैन ईश्वर मालवाल ने कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से यह साबित हो गया है कि जनता को केवल भाजपा पर ही विश्वास है। जनता ने भाजपा पर विश्वास करते हुए कांग्रेस व अन्य दलों का सफाया करने का काम किया है। इन चुनावों से यह भी साबित हो गया है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा 400 से अधिक सीटों पर विजय हासिल कर हैट्रिक लगाने का काम करेगी।

# दयानन्द महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय में एक दिवसीय फैकल्टी डिवलपमैंट कार्यक्रम का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** दयानंद महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) विषय में एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने बौद्धिक संपदा और प्रबंधन पर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। प्रोग्राम का शुभारंभ कॉलेज के महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने किया। अपने सम्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि दयानन्द महाविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेंटर बनाया जाएगा जिसमें विद्यार्थी व शिक्षक अपने विचार सांझा कर सकेगें और उन विचारों को वास्तव इनटलेक्ट आईपीआर सोल्यूशन के साथ सांझा करके महाविद्यालय में स्टार्टअप शुरू किए जाएंगे। इस मौके पर मुख्य वक्ता वास्तव इनटलेक्ट आईपीआर सोल्यूशन के निदेशक वेंकटेश ने बौद्धिक संपदा अधिकार और आईपी प्रबंधन के बारे में बताया। बौद्धिकता का हर विचार अमूल्य होता है। इसका मूल उद्देश्य मानवीय बौद्धिक सृजनशीलता को प्रोत्साहन देना है। इस अवसर पर शिक्षकों को ट्रेडमार्क, पेटेंट एवं कॉपीराइट की भी जानकारी दी गई। पेटेंट कैसे फाइल किया जाए इसकी जानकारी शिक्षकों को दी गई। कार्यशाला में सभी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रो. नरेंद्र कुमार, डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, प्रो. मंजीत सिंह एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति द्वारा कई लम्बी दूरी की गाड़ियों को हिसार तक बढ़ाने की मांग, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति (रजि.) ने स्वामी धर्मदेव महाराज पटोदी वाले के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम सौंपे ज्ञापन में हिसार से जगन्नाथपुरी, गयाजी, पटना, अयोध्या, वैद्यनाथ धाम, समस्तीपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, चित्रकूट आदि कई लम्बी दूरी की गाड़ियों को हिसार रेलवे स्टेशन तक बढ़ाने की मांग की है। मुख्यमंत्री के हिसार आगमन पर ज्ञापन देने वालों में समिति के प्रधान विनोद साहनी, महासचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र, उपप्रधान अर्चना पाण्डेय एडवोकेट, आचार्य सुरेश प्रसाद मिश्र, दिनेश पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, अंशुमान पाण्डेय एडवोकेट, शंकर भारद्वाज आदि शामिल रहे। पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति ने ज्ञापन में कहा है कि पूर्वांचन समाज के लाखों लोग हिसार जिला व उसके आसपास के इलाकों में रहते हैं। हिसार शहर के साथ ही सैनिकों का कैंट क्षेत्र भी है। इन लोगों को तीर्थ स्थानों पर आने-जाने व अपने गृह जिले में जाने के लिये भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। पुरुषोत्तम एक्सप्रेस जो नई दिल्ली से जगन्नाथ पुरी तक चलती है, उसे हिसार तक बढ़ाया जाये। महाबोधि एक्सप्रेस को नई दिल्ली से गयाजी तक की बजाये हिसार तक बढ़ाया जाये। इसी प्रकार कैफियत एक्सप्रेस जो नई दिल्ली से अयोध्या होते हुए आजमगढ़ जाती है, उसे हिसार स्टेशन तक भेजा जाये। बिहार सम्पर्क क्रांति को नई दिल्ली-पटना की बजाये हिसार तक, विक्रमशिला एक्सप्रेस जो नई दिल्ली-भागलपुर चलती है, श्रमजीव एक्सप्रेस जो नई दिल्ली-पटना चलती है, ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस जो नई दिल्ली से पटना चलती है, मगध एक्सप्रेस जो नई दिल्ली से पटना चलती है तथा यूपी सम्पर्क क्रांति जो नई दिल्ली से चित्रकूट को जाती है, को हिसार रेलवे स्टेशन तक बढ़ाया जाये। समिति का कहना है कि ये सभी गाडियां नई व पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 10 से 15 घंटे तक खड़ी रहती हैं। अगर इन सभी गाडियों को हिसार तक बढ़ा दिया जाये तो जहां पूर्वांचल वासियों को लाभ होगा वहीं रेल विभाग को भी लाखों रुपये के रुप में राजस्व की अतिरिक्त प्राप्ति होगी। समिति के महासचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय ने कहा है कि गोरखधाम एक्सप्रेस रेलगाड़ी का ठहराव हांसी में भी किया जाये, क्योंकि अब हांसी जिला का रुप ले रहा है। लोगों का कहना है कि जब यह गाड़ी भट्टू जैसे छोटे स्टेशन पर रुक सकती है तो हांसी इससे काफी बड़ा है, इसलिये यहां गोरखधाम एक्सप्रेस को रुकना समय की मांग भी है।


प्रिंटिंग के लिए संपर्क करें

स्कूल की डायरी, कलर इश्तिहार, बड़े पोस्टर, मैगजीन, न्यूज़ लेटर तथा संस्था का अखबार आदि

प्रिंट करवाने के लिए संपर्क करें :

SHYAM KUMAR

M.: 9255273410

E-Mail Id :- dailypathakpaksh@yahoo.in

कार्यालय

दैनिक पाठकपक्ष

33-S Model Town Market, Hisar



Read, Watch & Subscribe

दैनिक पाठकपक्ष

डिजिटल व प्रिन्ट



SUBSCRIBE

LIKE & SHARE

Facebook.com/PathakPaksh

Youtube/PathakPaksh

M : 98120-32700, 9255273410, 9896472584, 9991610417


# हॉकी के जादूगर दुनिया के महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को 44वीं पुण्यतिथि पर खिलाड़ियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया : योगराज शर्मा





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** हॉकी मैदान हुड्डा पार्क सेक्टर 16-17 हिसार पर हॉकी के जादूगर दुनिया के महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की 44वीं पुण्य तिथि पर खिलाड़ियों, खेल से जुड़े समाजसेवी योगराज शर्मा, विजय, परवीन, सुरेंद्र, वीरेंद्र, दीपक, गोबिंद, खिलाड़ियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाज सेवी योगराज शर्मा शर्मा ने कहा कि हाल ही वर्षों में हिसार में हुए विद्यालय के ब्लाक व जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में अंडर-14 अंडर-17 अंडर-19 के प्रत्येक ब्लॉक में प्रतियोगिताओं कम से कम 4 टीमों का भाग अति आवश्यक है इस तरह एक ब्लॉक में 12 लड़कों की हॉकी टीमों व 12 लड़कियों की हॉकी टीमो का भाग लेना इस प्रकार जिले में 108 लड़कों की हॉकी टीमो व 108 लड़कियों की हॉकी टीमों का भाग लेना स्कूलों का एक नैतिक कर्तव्य बनता था। परंतु विद्यालय के ब्लाक व जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में अंडर-14 अंडर-17 अंडर-19 के हिसार जिला के 9 ब्लॉक में कम से कम 4 लड़कों व 4 लड़कियों की स्कूलों की 216 टीमों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए था परंतु लगभग हिसार जिला की सभी स्कूलों की लड़कों में लड़कियों की बहुत कम संख्या में स्कूलों की हॉकी टीमों ने भाग लिया था। भारत के विद्यालय से लुप्त होती हॉकी खेल को दोबारा शुरू करने के लिए हम सभी देशवासियों खिलाड़ियों खेल प्रेमियों का कर्तव्य बनता है कि 3 दिसंबर को अपने-अपने खेल मैदानों पर शैक्षिक संस्थानों में हॉकी के जादूगर दुनिया के महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और मेजर ध्यानचंद के प्रेरक प्रसंगों से वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी को अवश्य अवगत कराये ताकि हम एक भविष्य में मजबूत ईमानदार नैतिक भारत का निर्माण कर सके।

# 21 से 25 दिसंबर तक लगने वाले स्वदेशी मेले के कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित

## पांच दिवसीय स्वदेशी मेले में नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच, सीएससी सेंटर व मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण रहेगा फ्री

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 21 से 25 दिसंबर तक लगने वाले पांच दिवसीय स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेले में सामाजिक सरोकारों से जुड़ी सेवाएं हर रोज निशुल्क उपलब्ध रहेंगी। भारत विकास परिषद की केशव शाखा द्वारा पांचों दिन मेला स्थल पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत बीपी, शुगर, रक्त व एनीमा की जांच व चिकित्सा परामर्श फ्री दिया जाएगा। इसी भांति सेवा भारती द्वारा हर रोज मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण फ्री दिया जाएगा। इसके साथ-साथ मेहंदी लगवाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।



लोटस फाउंडेशन द्वारा हर रोज कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सेवाएं निशुल्क रहेंगी। मेले के दौरान एमएसएमई विभाग द्वारा लघु उद्योग से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसी भांति प्रतिदिन रोजगार सृजन केंद्र व माई एसबीए द्वारा स्वरोजगार व रोजगार की जानकारी का प्रावधान निशुल्क रहेगा। हर रोज सायंकाल उद्यमिता एवं श्रेष्ठ बंधु सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। 23 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा निशुल्क नेत्र जांच व आंखों के सफेद मोतियाबिंद का ऑपरेशन शिविर निशुल्क आयोजित किया जाएगा। 24 दिसंबर को समृद्ध भारत परिषद द्वारा प्रातः10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में कोई भी स्वस्थ इंसान रक्तदान कर सकता है। 25 दिसंबर को पतंजलि योग पीठ व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 8 से 9 बजे तक 108 कुंडीय महायज्ञ किया जाएगा। इस यज्ञ के माध्यम से जनकल्याण की कामना की जाएगी।

मेला समिति प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच की प्रेरणा से स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा 21 से 25 दिसंबर तक लगने वाले मेले के संदर्भ में बैठक करके विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि इस मेले को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। यह मेला अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर को समर्पित किया गया है। मेले के लिए स्टॉल की बुकिंग शुरू हो गई है। स्वरोजगार व स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कोई भी उद्यमी, कुटीर उद्योग संचालक या अन्य क्षेत्र से जुड़े लोग स्टाल लगा सकते हैं।

# कृषि मंत्री जेपी दलाल का प्रद्युमन जोशीला नलवा के आवास पर जोरदार स्वागत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** हरियाणा के कृषि और पशुपालन मंत्री जयप्रकाश दलाल का प्रदेश स्तरीय दिशा कमेटी (विकास समन्वय एवं निगरानी) के सदस्य और बिजली विभाग उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के सदस्य प्रद्युमन जोशीला नलवा के हिसार स्थित निवास स्थान पर जोरदार स्वागत किया गया। एक पारिवारिक कार्यक्रम में पहुंचे कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कार्यक्रम में उपस्थित परिवार जनों और आए हुए विशिष्ट लोगों से कुशलक्षेम पूछा और मौके पर मौजूद अधिकारियों को किसानों के लिए खाद, बीज और अन्य जरूरतें तुरंत पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को किसी प्रकार की कोई भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए। हलका नलवा के सामाजिक कार्यकर्ता प्रद्युमन जोशीला नलवा के निवास पर कृषि मंत्री दलाल ने सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताते हुए किसानों से उनका फायदा लेने की अपील की।



निजी पारिवारिक कार्यक्रम में प्रद्युमन जोशीला नलवा और साथियों ने मंत्री जेपी दलाल का स्वागत करते हुए किसानों के लिए उनके द्वारा चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक प्रद्युमन जोशीला नलवा के साथ आदमपुर से पूर्व भाजपा प्रत्याशी दलबीर सिंह धीरनवास, नरेश नैन, हेमंत शर्मा, योगेंद्र शर्मा, कृष्ण सहरावत बिठमड़ा, सीमा गैबीपुर, सुनीता रेड्डू, मौसम सहरावत बिठमड़ा, अजय दुहन कंवारी, विनय ढूकिया गोरछी, डॉक्टर रामेश्वर दास, कृषि उपनिदेशक डॉ विनोद फोगाट, कृषि उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह, डॉ सोनू सहरावत, सैक्टर 33 के प्रधान डी एस पानू, डॉ मनजीत श्योकंद, सुरेंद्र मोर बास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बसपा की 2 दिवसीय बहुजन समाज जागृति यात्रा का गाँव चौधरीवास में समापन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** विधानसभा नलवा में 2 दिवसीय बहुजन समाज जागृति यात्रा का समापन गाँव चौधरीवास में हुआ। हलकाध्यक्ष नलवा रविंद्र चौहान ने कहा कि यात्रा के माध्यम से हलके के गाँवो का दौरा कर बाबा साहेब के विचारों को आमजन तक पहुँचाने का काम किया। भाजपा जजपा की गठबंधन सरकार ने कांग्रेस के काम को आगे बढ़ाते हुए बहुजन समाज के हक अधिकारों को जितना नुकसान पहुँचाया वो आज के समय चरम पर है। सभी सरकारी



संस्थाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं व किसान कमेरे वर्ग के हितों को बहुजन विरोधी मानसिकता के तहत ख़त्म कर धन्नासेठों का ही विकास किया जा रहा है। जिला संगठन सचिव हिसार सुनील गोरिया ने कहा कि इस बार न सिर्फ़ विधानसभा नलवा बल्कि ज़िला हिसार की सभी विधानसभाओं में राजनीतिक परिवर्तन होना तय है व प्रदेश में बसपा के नेतृत्व में मेहनतकश किसान व कमेरे वर्ग की सरकार अस्तित्व में आएगी। भाजपा की तुष्टिकरण की राजनीति का जवाब आपसी भाईचारे को आगे रखकर व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महामना ज्योतिबाफुले, दीनबंधु सर छोटूराम के विचारों से दिया जाएगा। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष रामफल बौद्ध, जिला प्रभारी नानक देव प्रजापति, जिला महासचिव संजय महँच, हलका प्रभारी नलवा कुलदीप बागड़ी, चंद्रशेखर मिर्जापुर, हलका उपाध्यक्ष नलवा मुकेश किरतान, हलका महासचिव अनिल रावलवास, हाँसी हलकाध्यक्ष कृष्ण सैनीपुरा, जितेंद्र मोटा, मनीष तुंदवाल, बीवीएफ संयोजक हिसार प्रवीण रावलवास, रमेश चनानिया,गुलाब तंवर, संजय, लक्की व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स में कांस्य पदक जीतकर लौटे चेयरमैन कश्मीरी लाल ग्रोवर को किया सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 5 दिसम्बर :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी की अध्यक्षता में पंचकुला में हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एज ग्रुप 75-80 वर्ष में कांस्य पदक जीत कर आए समिति के चेयरमैन कश्मीरी लाल ग्रोवर को बजरंग आश्रम हांसी में योगाचार्य कपिल शर्मा व विनोद जैन तथा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाएं, मूमैन्टों तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रधान सरदार इलावादी ने कहा कि समिति, ईमानदारी अधिकारी खिलाड़ी व किसी भी अच्छे कार्य को करके हमारे हरियाणा का नाम रोशन करने वालो को सम्मानित करती रहती है जिससे उनकी हौसला अफजाई हो सके और वे अधिक लगन, परिश्रम से हांसी व हरियाणा का नाम पूरे भारत वर्ष में रोशन कर सके।



योगाचार्य कपिल शर्मा व विनोद जैन ने चेयरमैन ग्रोवर की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा आशीर्वाद दिया व कहा कि बच्चों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि 76 साल की उम्र में ग्रोवर ने हांसी का नाम पूरे हरियाणा में रोशन किया है। इस अवसर पर सन्नी नायक, औमप्रकाश मुंजाल, कश्मीरी लाल ग्रोवर, किशोरी नागपाल, फतेह सिंह गुर्जर, कर्मवीर पुट्ठी, महिला प्रधान शर्मा मल्होत्रा, रामस्वरूप खट्टर, डॉ. नन्द किशोर अरोड़ा, कर्ण सिंह राठौड़, संजय, सुरेन्द्र वधवा, हरमेश खुराना, सुभाष भुटानी, प्रो. भारत सिंह, अमरनाथ तहसीलदार, दयानन्द नागपाल, पवन इलावादी, संजय मुंजाल, अशोक इलावादी, हरीश इलावादी व हेमराज मुंजाल आदि उपस्थित थे।

# मानवती आर्य कन्या उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को दी हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड की जानकारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 5 दिसम्बर :** मानवती आर्य कन्या उच्च विद्यालय, हॉसी में हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड की जानकारी जिला प्रशिक्षक, हिसार मास्टर नरेश कुमार ने दी। उन्होंने बच्चों को तीन दिवसीय कैम्प के बारे में अवगत करवाया। जिसमें कैम्प प्रशिक्षक ने बताया कि आपको इन तीन दिवसीय कैम्प में स्काउट एण्ड गाइड की प्रार्थना, झंडा गीत, नॉट लगाना, बिना बर्तन के खाना बनाना, टैन्ट लगाना, प्राथमिक चिक्तिसा, उद्देश्य, नियम, ध्वज के बारें में बताया जायेगा। स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य नवयुवकों का पूर्ण शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक सामाजिक तथा आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना है, हिन्दुस्तान स्काउट का मुख्य उद्देश्य है- पढ़ो और आगे बढ़ो। अन्त में विद्यालय की मुख्याध्यापिका डॉ. तमन्ना विद्यालय में आए हुए जिला प्रशिक्षक मास्टर नरेश कुमार का सधन्यवाद किया।

# डा. अजय गुप्ता की अध्यक्षता में होगा आचार्य डा. उमेश का हार्दिक अभिनन्दन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** दयानन्द ब्राह्म महाविद्यालय हिसार के पूर्व प्राचार्य अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान मिनिस्टर ऑफ रिलीजन वेस्ट मिडलेंड बर्हिघम (यूके) के आचार्य डा. उमेश जी का 16 दिसम्बर 2023 शनिवार शाम 4 बजे आर्य समाज सैक्टर 19 के यशस्वी प्रधान डाक्टर अजय गुप्ता की अध्यक्षता में विश्व शान्ति गायत्री मिशन (रजिस्टर्ड) के ऑल इण्डिया चेयरमैन आचार्य सुफल (हांसी) की अगुवाई में हार्दिक - हार्दिक - वन्दन - अभिनन्दन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए वाइस जनरल सैकेट्री नरेश कुमार विद्यालंकार पंजाब यूनिवर्सिटी ने बताया कि सर्व प्रथम हवन-यज्ञ किया जायेगा । जिसमें जीवन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर डीएवी के सुयोग्य अध्यापक आचार्य रमेश शास्त्री (डाक्टर उमेश जी के अनुज भ्राता) अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में सपत्नीक मुख्य यज्ञमान के आसन को सुशोभित करेंगे।



# वार्षिक खेल दिवस में सेंट फ्रांसिस जेवियर स्कूल का गांधी सदन विजेता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** तलवंडी राणा स्थित सेंट फ्रांसिस जेवियर स्कूल के प्रांगण में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। सभी सदनों (गांधी, टैरेसा, टैगोर, रमन) ने मार्च पास्ट के द्वारा समारोह के मुख्यातिथि तलवंडी राणा के सरपंच दयाल सिंह मौलिया व विशिष्ट अतिथि अथर्वा डिफेंस अकादमी के निर्देशक अनिल चौधरी का स्वागत किया तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कराटे विजेता वंशिका ने मशाल जलाकर खेलों का शुभारंभ किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस, लम्बी कूद व शॉटपुट आदि खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता के बेहतरीन खिलाडि़यों के रुप में कक्षा ग्याहरवीं के शुभम व काफी को चुना गया। चैम्पियन ट्रॉफी के विजेता के रुप में गांधी सदन को चुना गया। प्रधानाचार्य फादर यूजेबियो गोम्स ने विजेता छात्रों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

# सद्गुरु का इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम 6 से पीएलए में



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** आगामी 6 से 12 दिसम्बर तक पीएलए के म.नं. 703 में ईशा फाउंडेशन द्वारा इनर इंजीनियरिंग का एक सप्ताह का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। ईशा फाऊंडेशन के हिसार के वोलिएंटर जितेंद्र जतिन ने बताया कि इसी को लेकर आज गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में शिक्षकों व छात्रों को इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया जिन्होंने इसमें पूरी रुचि दिखाई और कार्यक्रम में अवश्य पहुंचने की बात कही। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को सुबह 6 से 6:45 बजे तक व शाम को 6:30 से 7:15 बजे तक निःशुल्क परिचय सत्र रहेगा। उन्होंने सभी शहरवासियों से अनुरोध किया इस निःशुल्क सैशन का लाभ अधिक से अधिक लोग उठाएं। जतिन ने बताया कि यह कार्यक्रम सद्गुरु द्वारा ही डिजाइन किया गया है, जिसे बेहद सरल और प्रभावी ढंग से तैयार किया गया जिसमें सरल योग एक्सरसाइज, योग सैशन और ध्यान की प्रक्रियाएं शामिल की गई हैं। कार्यक्रम में पॉवरफुल योग एक्सरसाइज, सांभवी महामुद्रा क्रिया भी कराई जाएगी। यह प्रोग्राम आपको हैल्दी, आनंददायक और एनर्जी भरने वाला होगा, वहीं एक अलग तरह का बदलाव दिखाई देगा। ईशा फाऊंडेशन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्टैप-1 के तहत मैकेनिक्स ऑफ लाइफ सिखाया जाएगा। इसके बाद स्टैप-2 में बॉडिंग, स्टेप-3 में लाइव एंड टू लाइव टोटली, स्टैप-4 के तहत आप वह नहीं हैं, जो आप सोचते हैं, स्टैप-5 में माइंड- द मिराकल, स्टैप-6 में आप जो चाहते हैं, उसे क्रिएट कीजिए। स्टैप-7 में लाइफ को जॉयफुल बनाने का अभ्यास शामिल है। इस अवसर पर ईशा वालिएंटर हठ योग टीचर लोचना, पंकज बिश्नोई, सूरज बिश्नोई, रोहतास सैनी स्वीट्स, रमन चौधरी, मोहित व सोनिया आदि मौजूद रहे।

**Name Change**

I, Shard Kalra S/o Sh. Subhash Kalra R/o H. No. 1071, Urban Estate II, Hisar declare that I have changed my name from Shard Kalra to SHARAD KALRA for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Bharti Devi W/o Virender Singh R/o H. No. 814, Sector 16, Hisar declare that I have changed my name from Bharti Devi to BHATERI DEVI for all future purpose.

- Deponent

**मार्कशीट गुम**

मैं, प्रियादिवा मलिक पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, निवासी मकान नं. 345, राजदरबार स्पेश, सेक्टर-24, हिसार सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि सीबीएसई से रोल नं. 17167586 के तहत मार्च 2021 में उत्तीर्ण मेरी दसवीं पास मार्कशीट कहीं गुम हो गई है। किसी को मिले तो मो. नं. 97293-77250 पर संपर्क करें। अब मैं अपनी दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट की डुप्लीकेट कॉपी जारी करवाना चाहती हूं।





डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000









# पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें पदाधिकारी व कार्यकर्ता : उमेद लोहान

## इनेलो जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** इनेलो जिला कार्यकारिणी की बैठक सिरसा रोड स्थित ताऊ देवीलाल सदन में जिलाध्यक्ष सतबीर सिसाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और ऐसे में पार्टी संगठन को मजबूत बनाना सबसे आवश्यक है। इसको लेकर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मिलकर कार्य करना होगा। सभी के प्रयासों यह कार्य किया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने गांव व वार्ड में लोगों को इनेलो की नीतियों से अवगत करवा कर उनको पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान ने कहा कि प्रदेश केवल इनेलो ही विपक्ष की भूमिका निभा रही है और सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध कर आम जनता की आवाज को उठाने का काम कर रही है। बैठक में पार्टी प्रदेश महासचिव राजेश गोदारा का जिला का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।



इनेलो जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान

बैठक में प्रदेश महासचिव राजेश गोदारा, राज सिंह मोर, चत्तर सिंह स्याहड़वा, शहरी जिलाध्यक्ष विजय कुमार जैन, डा. सतनारायण मंगाली, यशपाल गोदारा, सतपाल काजला, सत्यवान पान्नू, सुरजीत कड़वासरा, कृष्ण हांसी, अशोक यादव, जंग बहादुर, अन्नू सूरा, ललिता टाक, मोनिका टूटेजा, होशियार सिंह गिल, सुभाष टाक, होशियार खान, रमेश खानपुर, जितेंद्र श्योराण, सुरजीत कड़वासरा, प्रताप मलिक, तेलूराम सरपंच, बलराज सभ्रवाल, राजू तलवंडी, जोगीराम किरतान, सुशीला गोदारा, सरिता देवी, सुनीता सभ्रवाल, महेंद्र धिगताना, सुरज कालीरामणा, सतपाल गंगवा, राजबीर सिंह भानखड़, बलबीर सिहाग व जिला प्रवक्ता रमेश चुघ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों के विकास की रीढ़ होता है स्वस्थ पशुधन : वीरेंद्र चौधरी

## वीरेंद्र चौधरी ने नलवा हलका में की 'स्वस्थ पशुधन, मजबूत किसान अभियान' की शुरुआत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** हमारे ग्रामीण परिवेश में किसानी और पशुपालन लगभग एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। स्वस्थ पशुधन किसान की आर्थिक समृद्धि व उसके परिवार के पोषण में आधारभुत भूमिका निभाता है। इसलिए किसानों एवं पशुपालकों की सेवा के उद्देश्य से यह निःशुल्क पशु स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है। यह बात जननायक जनता पार्टी के नलवा से पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने हिन्दवान में आयोजित फ्री पशु चैकअप कैम्प में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही। गांव की गौशाला में आयोजित इस निःशुल्क पशु स्वास्थ्य जांच शिविर में प्रसिद्ध पशु चिकित्सा विशेषज्ञ कर्नल डॉ. देवेंद्र खुल्लर ने वीएलडीए कृष्ण राणा व अन्य टीम के साथ सैकड़ों भैंसों व गायों के स्वास्थ्य की जांच की व आवश्यक दवाइयां दीं। कर्नल खुल्लर ने बताया कि पशुपालन अपने आप में एक कला है इसलिए इस कार्य में समय-समय पर विशेषज्ञों की सलाह व मार्गदर्शन जरूरी है। ग्रामीण परिवेश में जानकारी और स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में कई बार लाखों की कीमत का पशुधन शून्य हो जाता है। इसलिए इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर पशुओं के साथ-साथ किसानों व पशुपालकों की भी सच्ची सेवा है। वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि हिन्दवान से शुरू किए गए 'स्वस्थ पशुधन, मजबूत किसान अभियान' को नलवा हलका के सभी गांवों में चलाया जाएगा। इस अभियान का मूल उद्देश्य डिजीज फ्री एनीमल टारगेट के साथ नलवा हलका के पशुपालकों व किसानों को मजबूती प्रदान करना है। हिन्दवान में पशु स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के लिए गांव के सरपंच भूप सिंह, गौशाला के प्रधान रामप्रसाद, मुकेश झाझड़िया, नवीन झाझड़िया, मोतीराम, पवन लौहार, समुंदर पूनिया, ओमप्रकाश झाझड़िया सहित समस्त ग्रामीणों ने वीरेंद्र चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए पूरे नलवा में इस अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग की बात कही।





# 12 दिसंबर की ललकार रैली में कर्मचारी दिखाएंगे अपना रोष : अमृत शर्मा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान अमृत शर्मा ने आज एक बयान जारी कर बताया कि प्रदेश सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है, जिसको लकर कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ लगातार कर्मचारियों की मांगों को उठा रहा है। इसके तहत जिला स्तर पर व मंडल स्तर पर रोष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके अलावा सभी मंत्रियों को भी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा चुका है, इसके बावजूद अभी तक सरकार ने कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है। जिला प्रधान अमृत शर्मा ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता को देखते हुए हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने 12 दिसंबर को करनाल में ललकार रैली करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि रैली के माध्यम से सरकार से पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, कौशल रोजगार निगम को भंग करने, सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम-समान वेतन के फैसले को लागू करने, कैशलेस मेडिकल स्कीम को पूर्ण रूप से लागू करने, विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, सभी विभागों में रिक्त पदों को स्थाई भर्ती से भरने, पुरानी एक्सग्रेसिया पॉलिसी को लागू करने, सभी विभागों में जोखिम भत्ता लागू करने, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने सहित अनेक मांगों को लेकर आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को कर्मचारियों के सब्र का इम्तिहान लेने की बजाय उनकी मांगों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की अनदेखी करना महंगा पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगले वर्ष चुनाव हैं और उससे पहले लोकसभा चुनाव हैं। यदि सरकार द्वारा समय रहते कर्मचारियों की मांगों को लागू नहीं किया तो आगामी चुनावों इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसलिए सरकार को समय रहते संभल जाना चाहिए और कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए। जिला प्रधान अमृत शर्मा ने कहा कि रैली को लेकर कर्मचारियों में भारी उत्साह है और हिसार जिला से हजारों कर्मचारी रैली में भाग लेने के लिए पहुंचेंगे।

# कांग्रेस नेता अशोक मंगालीवाला ने जनसंपर्क अभियान चलाकर सामाजिक कार्यों के प्रति किया जागरूक

## जनकल्याण के कार्यों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध : अशोक मंगालीवाला

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार व आसपास के क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से मुलाकात करके उन्हें सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक किया। मंगालीवाला ने बताया कि विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित करके गोसेवा, स्वास्थ्य सेवा, शौचालय निर्माण, छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण एवं रोजगार सेवा सहित अनेक रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे जनहित के कार्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हिसार लोकसभा क्षेत्र की जनता ने विश्वास जताया तो सेवा कार्यों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाया जाएगा। अशोक मंगालीवाला ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ हिसार के सेक्टर-13, महावीर कॉलोनी, विकास नगर, उचाना मंडी, दुर्जनपुर, सुरबना, मुकलान व नारनौंद सहित विभिन्न गांवों का दौरा करके और चाय कार्यक्रमों व बैठकों में शामिल होकर लोगों से अपने विचार साझा किए। इस दौरान पार्षद पंकज, सरपंच प्रतिनिधि राजेश फौजी, राकेश सैनी, राजेश, चांदीराम, पवन कुमार, दिनेश, सोहनलाल, रामनिवास श्योकंद, सुशील जैन, रतन सिंह पूनिया, सतबीर, जसबीर, सुभाष मलिक, राजबीर, अमित, शमशेर सिहाग, हुनेश्वर प्रसाद, संजय मंगल, कपिल जिंदल, गोविंद असीजा, अरुण शर्मा, रोहित शर्मा, मोहित, प्रदीप मेहरा, सागर सैनी, गुलशन सैनी, सूरज, शुभम, सुनील दारा, मुमक्षु, राजेंद्र, विनोद, राजेश मेहरा, संदीप धानिया, प्रवीण नैन व विक्रांत बेनीवाल सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# अपनी चेतना का विस्तार करके ही मनुष्य सच्चे सुख और आनन्द को प्राप्त कर सकता है

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



अगर हम अपने अंदर झांके तो पाते हैं कि हम रोते ही रहते हैं, आंखों से आंसू चाहे न बहाते हो, पर मन तो रोता ही रहता है, मतलब वह वर्तमान से संतुष्ट तो रहता ही नहीं। मन जब वजह बेवजह दूसरों को और स्वयं को कोसता रहे, परेशान रहे, शिकायत करता रहे, तुलना कर दुखी होता अरहे तो यह भी एक प्रकार का रोना ही है। जब हम अपने अंदर की चेतना को संकुचित कर लेते हैं, मैं और मेरे में इतने फंस जाते हैं कि अपने लिए ही बस सुख और सुविधाएं जुटाने में, उपभोग में लग जाते हैं तो हमारा अंतर्मन कराहने लगता है और दुखी मन कैसे किसी को सुखी बना सकता है और खुश रख सकता है? अपनी चेतना का विस्तार करके ही मनुष्य सच्चा सुख प्राप्त कर सकता है और उसके लिए ही मनुष्य को सतत और अनवरत प्रयास करते रहना चाहिए। एक भक्त स्वयं को बुद्ध का सबसे बड़ा भक्त मानता था। उसने अपनी अर्चना वंदना के लिए तिब्बत के मंदिर में स्थित हजारों बुद्ध की प्रतिमाओं में से एक का चयन किया और पूर्ण श्रद्धा विश्वास से नियमपूर्वक धूप दीप से, गंध पुष्पों से उसकी अर्चना वंदना करने लगा। कुछ समय बाद उसे लगा कि उसकी पूजा अर्चना का पूर्ण लाभ उसकी चयनित मूर्ति को नहीं मिल रहा है, अन्य मूर्तियां भी उसका लाभ ले रही है। अतः उसने अपने बुद्ध को एक लकड़ी के बाक्स में रख दिया और वहीं धूप-दीप लगाना आरंभ किया। कुछ समय बाद उसने देखा कि प्रतिमा काली पड़ गई है। उसके मन में क्षोभ उत्पन्न हो गया कि उसके बुद्ध उससे नाराज़ हो रहे हैं। रात में स्वप्न में उसे बुद्ध दिखाई पड़े और उससे कहने लगे, 'बवत्स! यह तुमने क्या किया है, हृदय को जब विशाल बनाते हैं तब चेतना का विस्तार होता है और तब उस हृदय में बुद्ध स्वयं प्रकाशमान होते हैं। तुम स्वयं में स्थिर होने की जगह, अपनी मूर्ति में स्थिर होना चाहते हो, भला ऐसे बुद्धत्व कैसे पाओगे?' उसकी नींद खुल जाती है और वह मूर्ति को बाक्स से निकाल कर बाहर रख देता है। वह मूर्ति चेतन्य हो उठती है और उससे कहती हैं 'हर प्राणी बुद्धत्व को प्राप्त कर सकता है। बुद्ध का अर्थ है, वह व्यक्ति जिसका हृदय प्रेम से प्रकशित है, जिसकी अपनी चेतना विलीन हो गई है, जो स्वयं चेतन्य हो गया है।'

**-डॉ. कमलेश कली**

# संयुक्त जल संघर्ष समिति की हुई महत्वपूर्ण मीटिंग : दिलबाग हुड्डा लुदास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** मंगलवार को सिंचाई विभाग के कार्यालय में विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग में समिति ने कहा की बिजाई का समय चल रहा है, इसलिए सभी टेलों पर पूरा पानी दिया जाए, राणा माइनर पर शिकायत आ रही है कि पानी बहुत ही काम दिया गया है जो कि गलत है। एक्सईएन आनंद श्योराण ने संबंधित कर्मचारियों को तुरंत आदेश दिया कि ऐसी गलती सहन नहीं होगी। अन्य सभी किसानों की सिंचाई से संबंधित बातों पर विस्तार से चर्चा की गई। बासड़ा माइनर 2 का टेंडर हो चुका है और जल्द ही निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। बासड़ा माइनर 3 का काम अधूरा है, जिसका विभाग ने सभी कार्यों को करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रधान विजेंद्र बेनीवाल, महासचिव सतवीर पूनिया, चीफ एडवाइजर दिलबाग हुड्डा लूदास, उप प्रधान सतवीर झाझरिया, रामवीर ढांडा, हवा सिंह हिन्द्वान, मास्टर सतबीर गढ़वा एंव संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि मंत्री के बयान पर तीव्र रोष

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** आप पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज राठी ने किसानों के बारे में कृषि मंत्री के बयान पर तीव्र रोष प्रकट किया और एडीजीपी के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मंत्री के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए ज्ञापन दिया।



एडीजीपी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करते हुए मनोज राठी

# बेटे ने बूढ़े माता-पिता को बेघर किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 दिसम्बर :** ढाणी चहल में नफे सिंह चहल और उनकी वृद्ध पत्नी को छोटे बेटे ने मारपीट कर बेघर कर दिया और वे दोनों घायल अवस्था में अपने बड़े बेटे कृष्ण के साथ आज अस्पताल में दाखिल हुए। उनका कहना है कि पुलिस उन्हें इंसाफ नहीं दिला रही।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक

उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584

श्याम नागपाल : 92552-73410

संचित मलिक रिपोर्टर हांसी

98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

